<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 06.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- सर्वोच्च न्यायालय का जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा मामले में बड़ा फैसला, सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति जारी रखने के झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को रखा बरकरार।
- राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक– अभियान ने सभी आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक, सड़क सुरक्षा को लेकर दिए कई अहम निर्देश ।
- राज्य भर में नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चतरा में मादक पदार्थों के साथ पांच किए गए गिरफ्तार, पलामू से भी दो अफीम तस्कर पकड़े गए।
- पलामू समेत राज्य के 14 जिलों में दो दिनों के लिए शीत दिवस घोषित, 24 घंटे में चार डिग्री तक गिरा पारा, कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, सभी स्कूल 8 जनवरी तक बंद।
- रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग में सुरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत, रांची रॉयल्स को किया पराजित।

<u>********************</u>

सर्वोच्च न्यायालय ने जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति जारी रखने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है। देश की शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जेएसएससी सीजीएल विवाद से संबंधित पूरे मामले की निगरानी झारखंड उच्च न्यायालय स्वयं कर रहा है। ऐसे में बिना किसी ठोस वजह के याचिका पर अलग से सुनवाई का कोई आधार नहीं बनता है।

<u>********************</u>

राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक– अभियान टी कंडास्वामी ने वर्चुअल माध्यम से सभी पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमानिरीक्षक और जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की। उन्होंने सड़क दुर्घटना, हिट एंड रन, ओवरलोडिंग और नशे में वाहन चालन मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने एंबुलेंस री–पोजिशनिंग, डायल–112 समन्वय तथा 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को "जीरो फेटेलिटी मंथ" के रूप में मनाने की भी समीक्षा की।

<u>********************</u>

भारतीय जनता पार्टी ने लंबित नगर निकाय चुनाव अविलंब  कराने की मांग को लेकर राज्य भर में आंदोलन तेज कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य के विभिन्न जिलों में धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। पार्टी ने दलीय आधार पर चुनाव एवं ईवीएम से मतदान कराने की मांग की। पार्टी के नेताओं ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निकाय चुनाव को टालना संविधान और लोकतंत्र का अपमान है। इधर, जामताड़ा जिले में पार्टी के धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव तीन वर्षों से लबित है, जिस वजह से विकास प्रभावित हो रहा है ।

<u>********************</u>

राज्य में विकसित भारत– जी राम जी योजना पर सियासत जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जी राम जी योजना से गरीबों को रोजगार के साथ पूरा सम्मान मिलेगा। नई योजना में हर ग्रामीण परिवार को हर साल अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी, कांग्रेस को गरीबों की भलाई वाली योजना पसंद नहीं है। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ इसके नाम से नाराजगी है ।
वहीं, कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि भाजपा सिर्फ योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति कर रही है।

<u>********************</u>

भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार–2025 के लिए 7 जनवरी तक मीडिया संस्थानों से आवेदन मांगे हैं। ये पुरस्कार मतदाता शिक्षा और जागरूकता को लेकर सर्वोत्तम प्रचार–अभियान के लिए प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया श्रेणियों में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में दिए जाएंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र नाथ महतो ने जामताड़ा जिले के फतेहपुर स्थित डिग्री महाविद्यालय में अत्याधुनिक पुस्तकालय तथा सोलर पैनल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लाइब्रेरी में पुस्तकों के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की।

********************

राज्य भर में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस को फिर बड़ी सफलता मिली है। चतरा जिला पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के तुड़ग जंगल में छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने पुलिस के इस अभियान की जानकारी दी।
वहीं, पलामू जिले के टाउन थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी से भी पुलिस ने लगभग चार किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को पकड़ने में कामयाबी पाई।

********************

पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, लातेहार, गुमला और लोहरदगा में दो दिनों के लिए शीत दिवस घोषित किया गया है। वहीं रांची समेत कई जिलों में ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले चौबीस घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं कड़ाके की ठंड को देखते हुए आठ जनवरी तक सभी स्कूल बंद रहेंगे।

********************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में कल सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स पर दो – एक से रोमांचक जीत दर्ज की। विजेता टीम के लिए पेनी स्विब और ओलिविया शेमन ने गोल किए। सलीमा टेटे की सह कप्तानी में सूरमा हॉकी क्लब की लीग में पहली जीत है। आज श्राची बंगाल टाइगर्स और एसजी पाइपर्स की टीम आमने–सामने होगी।

********************

## अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने राज्यभर में पड़ रही कड़ाके की ठंड को प्रमुखता दी है।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रांची में तीन रूटों पर चलेगी मेट्रो, टाटा–धनबाद में भी सर्वे।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य में हर वर्ष सत्रह करोड़ के वाहन चोरी, आधे भी नहीं ढूंढ पायी पुलिस।
प्रभात खबर ने लिखा है– एचईसी में एक सौ एकड़ जमीन में आईटी पार्क बनेगा, युवाओं को मिलेगा रोजगार।
दैनिक जागरण ने लिखा है– रांची के डिस्कोबार में विवाद के बाद गढ़वा के युवक की गाड़ी से कुचल कर हत्या।

****************